सोमवार
04 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4
आम खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान



पृष्ठ 5
बैजू बावरा में तानसेन की भूमिका निभाएंगे अजय देवगन



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 66
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

नाव जल में रहे लेकिन जल नाव में नहीं रहना चाहिए, इसी प्रकार साधक जग में रहे लेकिन जग साधक के मन में नहीं रहना चाहिए। – रामकृष्ण परमहंस

### सड़कों के सुधार पर सीएम के सख्त निर्देश

# न चैन से बैठूंगा न तुम्हें बैठने दूंगा

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में बीआरओ, पीडब्ल्यूडी व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना और वन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बिना तैयारी के बैठक में पहुंचे अधिकारी जब उनके सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके तो सीएम ने कहा कि जब तक राज्य के अंतिम छोर तक अच्छी सड़कें नहीं बन जाती है तब तक न मैं खुद चैन से बैठूंगा और न आपको चैन से बैठने दूंगा। उन्होंने राज्य की सड़कों की खराब स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण काम में तेजी लाई जाए तथा सभी विभागों के बीच एक समन्वय समिति का गठन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि चाहे बात चारधाम ऑल वेदर रोड की हो या अन्य नेशनल हाईवे



**❑समीक्षा बैठक में सीएम अधिकारियों से दिखे नाराज**

अथवा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की जब तक राज्य के अंतिम छोर तक अच्छी सड़कें नहीं बन जाती है वह उन्हें चैन से नहीं बैठने देंगे। उन्होंने कहा कि बिना सड़क को बेहतर बनाए न पलायन रोका जा सकता है न बिना अच्छी कनेक्टिविटी के विकास को गति मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण और निर्माण कार्य में तेजी लाने और निर्माण की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग, पीडब्ल्यूडी और बीआरओ के बीच बेहतर तालमेल के लिए एक समन्वय कमेटी गठन के भी निर्देश दिए, जिससे और बेहतर ढंग से काम को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें जनता ने केंद्रीय परियोजनाओं के काम के कारण ही वोट दिया है इसलिए केंद्रीय योजनाओं पर और अधिक काम करने की जरूरत है। उन्होंने राज्य की सड़कों की खराब स्थिति को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने आज वन विभाग की भी समीक्षा बैठक ली। जिसमें वनाग्नि और गुलदार के हमले को रोकने के बेहतर इंतजाम करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कहीं भी बच्चों पर गुलदार के हमले की खबर आई तो इसके लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। सीएम ने भूस्खलन जोन पर रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा से पूर्व सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाया जाए।

# चंदन राम दास ने किया आईएसबीटी का निरीक्षण



विशेष संवाददाता

देहरादून। परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने आज आईएसबीटी का औचक निरीक्षण किया और यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

धामी सरकार में पहली बार मंत्री बनाए गए चंदन राम दास आज सुबह अचानक दून के आईएसबीटी पहुंचे। जहां उन्होंने बस अड्डे की व्यवस्थाओं की जांच की। यहां पर साफ सफाई की व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई शौचालयों में सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बस अड्डे

**❑सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश**

पर जगह-जगह कूड़े कचरे के ढेरों पर उन्होंने नाराजगी जताई।

बस अड्डे के अंदर की यात्री सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने को कहा तथा बस अड्डे के अंदर वाहनों की गलत पार्किंग को भी सुधारने को कहा। उन्होंने मुख्य मार्ग पर प्राइवेट वाहन पार्क किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहनों की पार्किंग और डग्गामार वाहनों के खड़े होने से आम आदमी को आवागमन में परेशानियों का

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## गोरखनाथ मंदिर में पीएसी जवानों पर हमले की जांच करेगी एटीएस

गोरखपुर। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में प्रवेश करने के दौरान सुरक्षा में लगे पीएसी के जवानों पर जानलेवा हमले के मामले की जांच एटीएस भी करेगी। रविवार को गोरखनाथ मंदिर के मुख्य गेट पर जब मंदिर के अंदर प्रवेश करते समय एक युवक को पीएसी के जवानों ने रोका और तलाशी लेने की कोशिश की तो उसने पीएसी के एक जवान के पैर में और दूसरे को पीठ में धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया था। धारदार हथियार से हुए इस हमले में पीएसी के दो सिपाही घायल हो गए, अन्य पुलिसकर्मियों ने युवक को दबोच लिया।




हमला करने वाले युवक का नाम अहमद मुर्तजा अब्बासी है। पूछताछ में परिवार ने पुलिस के आला अफसरों को मुर्तजा अब्बासी को दिमागी तौर पर परेशान बताया है, पुलिस का कहना है कि उसके बैग से बरामद लैपटॉप संदेह पैदा करता है। आरोपी युवक ने पुलिस वालों पर हमला क्यों किया, वह मंदिर के पास क्यों पहुंचा था, मुंबई से उसका क्या कनेक्शन है, इन तमाम सवालों के जवाब पुलिस तलाशने में जुटी है।

# पिछले 24 घंटे में देश में 1 हजार से भी कम कोरोना के नए मामले सामने आए, 13 लोगों की मौत

नई दिल्ली। भारत में रहने वालों के लिए कोरोना वायरस से जुड़ी राहत की खबर सामने आई है। पिछले २४ घंटे में देशभर में १ हजार से भी कम कोरोना के नए मामले सामने आए हैं। ऐसा ७१५ दिन बाद हुआ है। हालांकि इस दौरान कोविड–१९ के कारण १३ लोगों की मौत हो गई।

भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना के ९१३ नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान १३१६ संक्रमित बीमारी से रिकवर हुए। भारत में इस वक्त कोरोना वायरस के १२ हजार ५९७ एक्टिव केस हैं। ७१४ दिन के बाद भारत में कोविड–१९ के एक्टिव मामलों की संख्या १३ हजार से कम हुई है। जान लें कि भारत में कोरोना का डेली पॉजिटिविटी रेट गिरकर ०.२६ फीसदी हो गया है।



देश में कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की कुल संख्या ५ लाख २१ हजार ३५८ हो गई है। पिछले २४ घंटे में देशभर में ३,१४,८२३ कोरोना टेस्ट किए गए। कोरोना से रिकवर होने वालों की संख्या ४,२४,९५,०८९ हो गई है। देश में कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन अभियान भी तेजी से चल रहा है। अब तक १,८४,७०,८३,२७९ वैक्सीन की डोज दी जा चुकी हैं।

वही दूसरी ओर दुनियाभर में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर ४९.१३ करोड़ हो गए हैं। इस महामारी से अब तक ६१.५ लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि १०.९८ अरब से ज्यादा का वैक्सीनेशन हुआ हैं। ये जानकारी जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने साझा की।

यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने सोमवार की सुबह नए अपडेट में बताया कि वर्तमान वैश्विक मामले, मरने वालों और टीकाकरण की कुल संख्या बढ़कर क्रमशः ४९१,३९५,२०१, ६,१५२,८१३ और १०,९८१,३५१,९१८ हो गई है। दुनिया के सबसे ज्यादा मामलों और मौतों ८०,१५५,३९७ और ९८२,५९५ के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पाक फिर फंसा संकट में

पड़ोसी देश पाकिस्तान के लिए भले ही राजनीतिक अस्थिरता कोई नई बात न हो लेकिन इस राजनीतिक अस्थिरता का कहीं न कहीं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष असर भारत पर भी पड़ता है। पाक प्रधानमंत्री इमरान खान की सत्ता जा चुकी है, पाक एसेंबली को भंग किया जा चुका है और इमरान खान को उनके पद से हटा दिया गया है। देश में अब जल्द चुनाव कराए जाने की संभावना है। बीते कुछ महीनों से पाकिस्तानी राजनीति में जिस तरह की उठापटक चल रही थी उनसे बहुत पहले ही इस बात के संकेत मिल चुके थे कि इमरान खान की सत्ता जाने वाली है। संसद में उनके सहयोगी दल उनका साथ छोड़ चुके थे तथा सेना के साथ इमरान की तकरार की खबरें भी लंबे समय से आ रही है। बाजवा के साथ उनके खराब होते रिश्ते और विपक्ष की लामबंदी से घिरे इमरान ने इस स्थिति को टालने और बचने की लाख कोशिशें की लेकिन वह इसमें कामयाब नहीं रहे। विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से बचने के लिए और सत्ता में बने रहने के लिए संसद को भंग करने का जो पैंतरा चला था वह भी उनके काम नहीं आ सका। खैर पाकिस्तानी हुकूमत से अब उनकी विदाई हो चुकी है और आगे क्या होगा यह अदालत तय करेगी या सेना तय करेगी। पाकिस्तान का 75 सालों का इतिहास बताता है कि वहां अब तक बने 22 प्रधान मंत्रियों में से कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। इमरान का नाम भी उसी सूची में दर्ज हो चुका है। पीएम पद से हटाए जाने से पूर्व इमरान ने देश के वर्तमान हालात को विदेशी ताकतों की साजिश तक बताया जाना तथा कश्मीर का राग अलापा जाना तथा भारत की विदेश नीति की सराहना किया जाना, जैसी बातें यह बताने के लिए बहुत काफी है कि भारत पर पाक की राजनीतिक अस्थिरता का क्या प्रभाव पड़ता है। भारत के साथ पाकिस्तान के रिश्ते कभी अच्छा न रहने के पीछे उसकी आतंकी सोच के अलावा जो मुख्य कारण रहा है वह हुक्मरानों का अपनी सत्ता बचाने के लिए किए जाने वाले प्रोपेगेंडा भी रहे हैं। भारत विरोध पाक नेता अपने बचाव का एक आसान जरिया मानते हैं जिसके कारण पाकिस्तानियों कि जहनियत में भारत का विरोध रच-बस गया है और वह भारत को अपना दुश्मन नंबर वन मानते हैं। इमरान की सत्ता जाने का कारण विपक्ष का विरोध ही जिम्मेवार नहीं है बल्कि इमरान सरकार की वह नाकामिया है जो वर्तमान में आम जनता की परेशानी बनी हुई है। पाकिस्तानी आवाम से इमरान ने जो वादे किए थे वह पूरे नहीं किए गए। देश में महंगाई के कारण आम आदमी का जीवन संकट में फंसा हुआ है। देश पर विदेशी कर्ज का बोझ इतना बढ़ चुका है कि उसे कर्ज मिलना भी मुश्किल हो रहा है। चीन की गोद में जा बैठने से अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे देश नाराज हैं। पाक कंगाल होने की कगार पर है, उसका हाल भी आने वाले दिनों में श्रीलंका जैसा हो सकता है। देखना यह है कि आने वाले दिनों में पाक इस आर्थिक संकट और सामाजिक आक्रोश व राजनीतिक अस्थिरता से कैसे निपटता है।

# विधायकों को सिर्फ एक पेंशन का ऐतिहासिक कदम!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

देश की जनता लंबे समय से यह मांग करती रही है कि विधायको व सांसदों की पेंशन या तो पूरी तरह से बंद हो या फिर उन्हें सिर्फ एक ही पेंशन मिले ,लेकिन आमजन की इस मांग को अनसुना कर जितनी बार भी सांसद या विधायक रहे उतनी ही पेंशन लेकर देश पर आर्थिक बोझ जारी है।इस बोझ को पहली बार पंजाब में हाल ही में बनी आम आदमी पार्टी की सरकार ने समझा है।इस सरकार ने हर कार्यकाल के लिए पूर्व विधायकों की पेंशन की प्रथा खत्म करते हुए, अब सिर्फ एक कार्यकाल के लिए पेंशन जारी रखने का ऐलान किया है। पूर्व विधायकों को पंजाब में 75 हजार रुपये पेंशन मिलेगी।पंजाब सरकार ने विधायकों की पेंशन को लेकर यह बड़ा फैसला लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि पूर्व विधायकों को केवल एक कार्यकाल के लिए पेंशन मिलेगी। पंजाब ही नही देशभर में अभी तक प्रत्येक कार्यकाल के लिए पेंशन मिलती रही है। पंजाब सरकार के अधिकारियों को 'एक विधायक-एक पेंशन' योजना को लागू करने का निर्देश दिया गया है।अभी तक कई बार चुने गए विधायकों को पेंशन के रूप में कई बार की ही पेंशन के रूप में लाखों रुपये मिल रहे थे। उनमें से कुछ जो सांसद भी रहे हैं, उन्हें केंद्र और राज्य दोनों तरह की पेंशन मिल रही है। इस फैसले से राज्य सरकार के करीब 80 करोड़ रुपये बचेंगे।भगवंत मान ने कहा कि, लोगों की सेवा के वादे के साथ वोट मांगने वाले विधायकों को 3.5 लाख रुपये, 4.5 लाख रुपये और यहां तक कि 5.25 लाख रुपये मासिक पेंशन मिल रही थी। नए फैसले के साथ सरकार की योजना पांच साल में 80 करोड़ रुपये बचाने की है।बचाए गए धन का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाएगा।उदाहरण के तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजिंदर कौर भट्ठल, लाल सिंह और पूर्व अकाली दल नेता सरवन सिंह फिल्लौर को 3.25 लाख रुपये जबकि रवि इंदर सिंह और बलविंदर सिंह भिंडर को हर महीने 2.75 लाख रुपये पेंशन के रूप में मिलते हैं।पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने सरकार को पत्र लिखा था कि वह सरकार से किसी भी तरह की पेंशन का दावा नहीं करेंगे और न ही उन्हें कोई पेंशन दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा था कि पैसे का



इस्तेमाल लोक कल्याण की योजनाओं के लिए किया जाना चाहिए।हरियाणा सरकार ने कुछ साल पहले पूर्व विधायकों के लिए एक साथ कई पेंशन खत्म कर दी थी। पंजाब में अमरिंदर सिंह की सरकार ने उस वक्त पड़ोसी राज्य से संकेत लेते हुए पेंशन नीति को बदलने पर चर्चा की थी। लेकिन कभी कोई निर्णय उनके द्वारा नहीं लिया गया।

पंजाब सरकार के नियमों के अनुसार विधायक को पहले कार्यकाल के लिए 75 हजार रुपये और उसके बाद हर अन्य कार्यकाल के लिए 50 हजार रुपये पेंशन दिए जाने का प्रावधान है।पंजाब में इस समय र 275 पूर्व विधायक अपने अलग-अलग कार्यकाल के लिए पेंशन ले रहे हैं। इसमें राज्य के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत एक दर्जन पूर्व विधायक शामिल हैं जिन्हें कार्यकाल के हिसाब से 5-6 पेंशन तक एक साथ मिल रहीं हैं।पंजाब में मुख्यमंत्री का मासिक वेतन (भत्तों समेत) डेढ़ लाख रुपये बनता है। पूर्व विधायकों में पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल इस समय 11 पेंशन के हकदार हैं और उन्हें पेंशन की कुल राशि 5,76,150 रुपये मिलती थी। हालांकि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पेंशन न लेने की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्ठल, पूर्व मंत्री मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह और परमिंदर सिंह ढींढसा समेत पंजाब के कई पूर्व विधायक ऐसे हैं जिन्हें उनके कार्यकाल के हिसाब से 5-6 पेंशन मिलती हैं। इसकी कुल रकम 2,75,550 रुपये से 3,25,650 रुपये बनती है।पंजाब राज्य विधान मंडल सदस्य (पेंशन व मेडिकल सुविधा) एक्ट 1977 और पंजाब राज्य विधान मंडल सदस्य (पेंशन व मेडिकल सुविधा) एक्ट 1984 में संशोधन के साथ पंजाब एक्ट नंबर 30 ऑफ 2016 के तहत नोटिफिकेशन जारी करके ऐसा प्रावधान कर दिया गया कि पूर्व विधायक को उनके पहले कार्यकाल के लिए पेंशन के रूप में 15000 रुपये और अगली प्रत्येक टर्म के लिए 100 रुपये से आगाज होगा। इस रकम में पहले 50 फीसदी डीए मर्ज होगा और उसके बाद बनने वाली कुल रकम में फिर से 234 फीसदी महंगाई भत्ता जुड़ जाएगा। इस तरह पूर्व विधायकों को जबरदस्त लाभ हुआ, क्योंकि 15000 + 7500 (50 फीसदी डीए)= 22500 रुपये रकम बनी। 22500+52650 (234 फीसदी डीए) रुपये यानी कुल 75150 रुपये पेंशन बनती हैं। सूबे के 275 पूर्व विधायकों को वर्ष 2017 से हर साल 37 करोड़ और पांच वर्ष में 186 करोड़ रुपये पेंशन के तौर पर दिए जा रहे थे लेकिन जिस एक्ट के आधार पर यह पेंशन तय की गई, ऐसा कोई प्रावधान किसी भी एक्ट में था ही नहीं। पंजाब की अकाली-भाजपा सरकार ने अक्तूबर 2016 में पूर्व विधायकों की पेंशन को पहले कार्यकाल में 15000 रुपये और बाद के कार्यकाल के लिए 10-10 हजार रुपये का प्रावधान करते हुए साफ कर दिया था कि इस राशि में महंगाई भत्ता अन्य सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते के अनुसार ही जुड़ेगा। अगर इस तरीके से पेंशन तैयार होती तो 15000 रुपये और 28 फीसदी डीए को मिलाकर 19200 रुपये ही पूर्व विधायको को मिल पाते। लेकिन शासन स्तर की गई इस त्रुटि का नतीजा यह हुआ कि पूर्व विधायकों को 19200 रुपये की जगह 75150 रुपये पेंशन मिलती रही। इस तरह पांच साल के दौरान सरकारी खजाने से लगभग 192 करोड़ रुपये अधिक निकाल लिए गए। जिससे पंजाब सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ता चला गया।

## टांडा-सुई-रीखाकोट मोटरमार्ग को आपस में जोड़ा जाए

नैनीताल (आरएनएस)। टांडा–सुई–रीखाकोट मोटरमार्ग को आपस में जोड़ने की मांग को लेकर रविवार को टांडा, सुई व रीखाकोट के ग्रामीणों ने विधायक राम सिंह कैड़ा को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता मदन परगाई की अगुवाई में मिले ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना के तहत टांडा, सुई व रीखाकोट गांव के लिए सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, लेकिन सड़क बनने के बाद भी तीनों गांव आपस में सड़क से लिंक नहीं हो सके। इन तीन गांवों के सड़क से लिंक होने से आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को खनस्यूं तहसील, डिग्री कॉलेज पतलोट व हल्द्वानी आने जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## खरही गांव में गहराया पेयजल संकट

चम्पावत (आरएनएस)। लधिया घाटी के खरही गांव में पेयजल संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले साल आपदा से गांव को पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो गई थी। तब से यहां के ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार को खरही गांव के दीपक शर्मा, अनिल रावत, सूरज बिष्ट, संजय गहतोड़ी, किशोर शर्मा, दीवान सिंह बोहरा, दीपक गोस्वामी, घनश्याम शर्मा और भुवन शर्मा आदि ने बताया बीते साल अक्तूबर में आपदा से पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। तब से इसे ठीक नहीं किया जा सका है। यहां के ग्रामीण पानी के लिए नौले और गधेरों में आश्रित हैं। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा ग्रामीण नौले और गधेरे से प्यास बुझा रहे हैं। खरही के प्रधान प्रतिनिधि सूरज बोहरा ने कहा पूर्व में पेयजल लाइन ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी गई थी। उन्होंने बताया लाइन ठीक करने के लिए कई बार प्रशासन से कहा। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

ते नो रुद्रः सरस्वती सजोषा मीळहुष्मन्तो विष्णुर्मृळन्तु वायुः।
ऋभुक्षा वाजो दैव्यो विधाता पर्जन्यावाता पिप्यतामिषं नः।।
(ऋग्वेद ६–५०–१२)

हे शिक्षकों और उपदेशकों ! हमें न्याय, कला, आध्यात्मिकता, उदारता, क्रियाशीलता और उत्तम वाणी की विद्या प्रदान करो। वायु, बादल, सार्वभौमिक उर्जा, दिव्य कृपा आदि हमारे प्रति मित्रवत हों और हमें खाद्यान्न और ऊर्जा प्रदान करें। हमारा जीवन सुखमय करें।

O teachers and preachers! Educate us in justice, art, spirituality, generosity, activeness, and effective speech. May the wind, clouds, universal energy, divine generosity, etc. be friendly towards us and give us food and energy. Make our lives happy. (Rig Veda 6-50-12)

## दुकान पर ताला लगाने के मामले में मां बेटा सहित तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। दुकान में घुसकर मारपीट कर दुकान पर ताला लगाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मां बेटे सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसिंह गुजराडा निवासी आबिद बेग ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने श्रीमती निशा रानी रतूडी पत्नी रोहित रतूडी से वर्ष 2017 को किराये पर दुकान ली थी। जिसका एग्रीमेंट भी किया गया था। दुकान का किराया दस हजार रूपये महीना तय हुआ था। उसने एडवांस में तीस हजार रूपये दिया था। जब उसने दुकान स्वामी निशा रानी से एडवांस रूपये के बारे में बात करता तो वह टाल जाती थी। इसी विवाद के चलते एक बार मामला आईटी चौकी पर भी गया था लेकिन वहां पर समझौता हो गया था।

घटना वाले दिन निशा अपने बेटे अमर रतूडी व एक अन्य नानू भाई को साथ लेकर दुकान पर पहुंचे और उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट करते हुए उसे दुकान से बाहर निकाल दिया तथा दुकान पर ताला लगा दिया। दुकान में उसका सामान, लैपटॉप आदि रखा हुआ है। उसने मामले की शिकायत पुलिस से भी की लेकिन पुलिस ने उसको मुकदमा दर्ज नहीं किया है। न्यायालय के आदेश पर राजपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 120 नशीले इंजेक्शन सहित तस्कर दबोचा

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 120 नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली रूद्रपुर व एडीटीएफ उधमसिंहनगर को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है।



सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एडीटीएफ टीम ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान रूद्रपुर रमपुरा के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। टीम द्वारा जब उसे रोकने का प्रयास किया गया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान संयुक्त टीम द्वारा उसके पास से 120 नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये। पूछताछ में उसने अपना नाम करन कुमार उर्फ करना पुत्र मोहनलाल निवासी नियर सुदामा पार्क रमपुरा बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# जमीन के नाम पर करोडों की धेखाधडी में पांच लोग नामजद

संवाददाता

देहरादून। जमीन बेचने के नाम पर करोडों की धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवयुग एन्क्लेव जीएमएस रोड निवासी राजेन्द्र अग्रवाल ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान प्रेमनगर निवासी राजेन्द्र कुमार से हुई जिसने उसको बताया कि उसकी प्रेमनगर में 62 बीघा जमीन है जिसको वह बेचना चाहता है। जिसके बाद राजेन्द्र ने उसको अपने सहयोगी श्रीमती पुनीता उर्फ श्रद्धा, पत्नी राजेन्द्र कुमार, मंजीत पुत्र अमर सिंह, तरनजीत पुत्र मंजीत सिंह, निवासी प्रेमनगर, रंजन कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी हरबंशवाला से करायी तथा सभी ने जमीन बेचने की हामी भर दी। उसने उनको दो करोड रूपये देकर जमीन का एग्रीमेंट करा लिया। जिसके बाद उसने जमीन को सही करने वा वहां पर निर्माण करने में तीन करोड लगा दिये। जिसके बाद सभी लोग अपने वादे से मुकर गये तथा उन्होंने जमीन का एग्रीमेंट निरस्त करा दिया। जिसके बाद उसको पता चला कि उक्त लोगों ने उसके साथ धोखाध डी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बाईक की चपेट में आकर महिला घायल

संवाददाता

देहरादून। बाईक की चपेट में आकर महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने महिला के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवलां कला माजरा निवासी प्रेमलता बाजार से घर जा रही थी जब वह सेंट ज्यूडस चौक पर पहुंची तभी सामने से तेज गति से आ रही मोटरसाईकिल ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसका पैर फैक्चर हो गया। मोटरसाईकिल सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने महिला के बेटे शरद कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एम्स ऋषिकेश में आज से लंगर सेवा पुनः आरम्भ!



देहरादून। परम पिता परमेश्वर की अपार कृपा से गुरुद्वारा श्री हेमकुण्ट साहिब मैनजमेंट ट्रस्ट द्वारा सभी के सहयोग से एआईआईएमएस ऋषिकेश में मरीज़ों एवम् उनके साथ आने वाले व्यक्तियों के लिए कोविड के कारण बंद किए गए लंगर की सेवा (निशुल्क भोजन) अस्पताल प्रांगण में सोमवार ४ अप्रैल दोपहर १२ बजे अरदास के बाद फिर शुरू कर दी जाएगी। प्रभु से हाथ जोड़ विनती है कि अब यह निर्विघन हर रोज़ चले एवं सभी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। आप भी पहली अरदास में हमारे साथ शामिल हो लंगर ग्रहण कर हमारा हौंसला बढ़ाएँ हमारा कर बध निवेदन है । उक्त जानकारी गुरुद्वारा श्री हेमकुन्ट साहिब मनेजमेंट ट्रस्ट परिवार, ऋषिकेश ने दीं।

# बन्द दुकान के बाहर फड लगाना कानूनी जुर्म ?

संवाददाता

देहरादून। कोतवाली पुलिस का फंडा है कि पूरे सप्ताह खुली दुकानों के बाहर फड लगाना कोई जुर्म नहीं होता लेकिन रविवार को बन्द दुकानों के बाहर फड लगाना कानूनी जुर्म माना जायेगा और इसके चलते सामान जब्त हो सकता है तथा जुर्माना भी लगाया जा सकता है? यह तुगलगी फरमान किसने जारी किया इसके बारे में कोई बताने को तैयार नहीं।

उल्लेखनीय है कि दून के पल्टन बाजार में पूर्व में सण्डे मार्केट लगायी जाती थी जिसके लिए आवाम पूरे सप्ताह इसका इंतजार करता था। लेकिन समय बदला और सण्डे मार्केट पल्टन बाजार से हटा दी गयी। इसका कारण यह बताया गया कि सण्डे मार्केट लगने से बाजार में भीडभाड हो जाती है तथा कोई दुर्घटना होने पर मदद नहीं पहुंच पायेगी इसलिए सण्डे मार्केट कहीं अन्य जगहों पर लगायी जाये। वहीं बाजार में दुकानों के बाहर फड लगाने का दस्तूर जारी रहा तथा इसको रोकना प्रशासन व पुलिस के बस की बात नहीं था। दुकानों के बाहर लगने वाली फडों से दुकान स्वामी एक मुश्त सुविधा शुल्क लेते है तो फिर पुलिस की हिम्मत कहां होगी उस फड को हटाने की? पल्टन बाजार, मोती बाजार, सब्जी मण्डी, बैण्ड बाजार, झण्डा बाजार से लेकर करनपुर बाजार हो या फिर कोई अन्य बाजार वहां पर दुकानों के बाहर फड लगाने का एक रिवाज बन गया है तथा धडल्ले से दुकानों के बाहर फड लगायी जाती है जिससे सडक भी संकरी होती है तथा वाहनों की आवाजाही पर भी फर्क पडता है। उस समय अधिकारियों को यह नहीं दिखायी देता कि अगर कोई दुर्घटना हो जाये तो मदद कैसे पहुंचेगी? लेकिन पूरे सप्ताह लगने वाली फड अगर रविवार को लगे तो यह जुर्म माना जाता है। सण्डे को दुकानों में काम करने वाला कर्मचारी अधिक कमाई के लालच में सण्डे को छुट्टी वाले दिन भी दुकान से सामान लेकर कमीशन पर सामान बेचते है। वह कमीशन ही उसकी अधिक कमाई होती है। लेकिन उस दिन पुलिस को भी अपनी जिम्मेदार का अहसास हो जाता है। रविवार को ही पुलिस को अपनी जिम्मेदारी याद आती है अन्य दिन उनकी जिम्मेदारी कहां चली जाती है। रविवार को पुलिस का अमला बाजार में निकल पडता है तथा जो भी फड लगी दिखे उसका सामान जब्त कर लिया जाता है और वह गरीब फड लगाने वाला कोतवाली व चौकी के बाहर अपने सामान वापस लेने के लिए भिखारी की तरह खडा रहता है लेकिन जिम्मेदार पुलिस वालों को उनकी बेचारगी दिखायी नहीं देती। वह तो सप्ताह में एक दिन जागी अपनी जिम्मेदारी के नशे में ऐसे चूर रहते हैं कि जैसे उन्होंने आज कोई बडा काम कर दिया हो? जबकि प्रत्येक दिन की तरह पल्टन बाजार के अलावा सब्जी मण्डी, बैण्ड बाजार आदि क्षेत्रों में लगने वाली फड रविवार को भी लगी रहती है लेकिन वहां पर कोई पुलिस कर्मी सामान जब्त करने नहीं जाता क्योंकि वहां पर दुकानें खुली होती है तथा दुकानदार मौजूद होता है फिर किसकी हिम्मत कि वहां से सामान जब्त कर ले। इसका सीधा मानना यह है कि खुली दुकान के सामने फड लगाना कोई अपराध नहीं है लेकिन अगर बन्द दुकान के बाहर फड लगायी तो वह कानूनी जुर्म माना जायेगा?

# कार की टक्कर से बाईक सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चम्बा टिहरी गढवाल निवासी मालचंद अपनी मोटरसाईकिल से मसूरी की तरफ जा रहा था जब वह धनौल्टी मार्ग पर सुआखोली के पास पहुंचा तभी पीछे से हरियाणा नम्बर की कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने राजलक्ष्मी होटल के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 8 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम प्राची उर्फ सपना पत्नी मयंक क्षेत्री निवासी मंदाकिनी विहार ब्रहमवाला खाला सहस्त्रधारा रोड बताया। वहीं विकासनगर कोतवाली पुलिस ने गुज्जर बस्ती कुंजा ग्रान्ट से अब्दुल रहमान पुत्र इरफान निवासी कुंजा ग्रान्ट को 10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# त्रिवेन्द्र पंवार ने उक्रांद के संरक्षक पद से दिया त्यागपत्र

संवाददाता



देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के विधानसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन से आहत होकर त्रिवेन्द्र सिंह पंवार ने संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया।

आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पंवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उत्तराखण्ड क्रांति दल को जिस तरह से आमजन ने नकारा वह हमारे लिए बहुत ही चिन्ता की बात बन गया है। पार्टी को अच्छे प्रदर्शन की तो नहीं पर इस तरह निराशाजनक प्रदर्शन की भी उम्मीद नहीं थी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी के लचर प्रदर्शन के लिए पार्टी नेतृत्व की सामूहिकता को स्वीकार करते हुए वह पार्टी के संरक्षक पद से त्याग पत्र दे रहे हैं। उन्होने कहा कि पिछले पांच साल में एक विपक्षी पार्टी के तौर पर हम जनता के बीच उत्तराखण्ड के सवालों व मुद्दों को लेकर उस तरह सक्रिय नहीं हो पाए जिस तरह से होना चाहिए था। संगठन के स्तर पर भी हम पार्टी को वह मजबूती नहीं दे पाए जो दी जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि आमजन के बीच में अपनी बात ना पहुंचा पाने के कारण विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार भी महत्वपूर्ण कारक रहा है। उन्होंने कहा कि अब वक्त है कि इस पर बहुत ही गम्भीरता के साथ ना केवल मनन किया जाये बल्कि उसे धरातल पर भी उतारा जाना चाहिए। राज्य बनने के बाद दो दशक में हमने निरन्तर जनता का विश्वास खोया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद भी अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करके किसे मंत्री बनाना है और किसे कौन सा विभाग देना है यह तक निर्णय नहीं कर सकता है तो क्या ऐसे लोग राज्य के विकास की नींव रख सकते है। इस सवाल के बारे में यहां के युवाओं को गम्भीरता से सोचना होगा और अपने क्षेत्रीय दल उक्रांद के साथ जुडे और इसे राजनीतिक तौर पर मजबूत करें ताकि राज्य का एक खुशहाल भविष्य लिख सकें।

# लू लगने से मृत्यु क्यों होती है ?

हम सभी धूप में घूमते हैं फिर कुछ लोगों की ही धूप में जाने के कारण अचानक मृत्यु क्यों हो जाती है?

हमारे शरीर का तापमान हमेशा ३७ डिग्री सेल्सियस होता है, इस तापमान पर ही हमारे शरीर के सभी अंग सही तरीके से काम कर पाते है।

पसीने के रूप में पानी बाहर निकालकर शरीर ३७ सेल्सियस टेम्प्रेचर मेंटेन रखता है, लगातार पसीना निकलते वक्त भी पानी पीते रहना अत्यंत जरुरी और आवश्यक है।

पानी शरीर में इसके अलावा भी बहुत कार्य करता है, जिससे शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर पसीने के रूप में पानी बाहर निकालना टालता है। ( बंद कर देता है )

जब बाहर का टेम्प्रेचर ४५ डिग्री के पार हो जाता है और शरीर की कूलिंग व्यवस्था ठप्प हो जाती है, तब शरीर का तापमान ३७ डिग्री से ऊपर पहुँचने लगता है।

शरीर का तापमान जब ४२ सेल्सियस तक पहुँच जाता है तब रक्त गरम होने लगता है और रक्त मे उपस्थित प्रोटीन पकने लगता है।

स्नायु कड़क होने लगते है इस दौरान सांस लेने के लिए जरुरी स्नायु भी काम करना बंद कर देते हैं।

शरीर का पानी कम हो जाने से रक्त गाढ़ा होने लगता है, ब्लडप्रेशर लो हो जाता है, महत्वपूर्ण अंग (विशेषतः ब्रेन ) तक ब्लड सप्लाई रुक जाती है।

व्यक्ति कोमा में चला जाता है और उसके शरीर के एक– एक अंग कुछ ही क्षणों में काम करना बंद कर देते हैं, और उसकी मृत्यु हो जाती है।

गर्मी के दिनों में ऐसे अनर्थ टालने के लिए लगातार थोडा थोडा पानी पीते रहना चाहिए, और हमारे शरीर का तापमान ३७ मेन्टेन किस तरह रह पायेगा इस ओर ध्यान देना चाहिए।

इक्विनॉक्स प्रभाव आने वाले दिनों में भारत को प्रभावित करेगा। कृपया १२ से ३ के बीच ज्यादा से ज्यादा घर, कमरे या ऑफिस के अंदर रहने का प्रयास करें। तापमान ४० डिग्री के आस पास विचलन की अवस्था मे रहेगा। यह परिवर्तन शरीर मे निर्जलीकरण और सूर्यातप की स्थिति उत्पन्न कर देगा। (ये प्रभाव भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर सूर्य चमकने के कारण पैदा होता है।)

कृपया स्वयं को और अपने जानने वालों को पानी की कमी से ग्रसित न होने दें।

किसी भी अवस्था मे कम से कम ३ ली. पानी जरूर पियें। किडनी की बीमारी वाले प्रति दिन कम से कम ६ से ८ ली. पानी जरूर लें।

जहां तक सम्भव हो ब्लड प्रेशर पर नजर रखें। किसी को भी हीट स्ट्रोक हो सकता है।

ठंडे पानी से नहाएं। मांस का प्रयोग छोड़ें या कम से कम करें।

फल और सब्जियों को भोजन मे ज्यादा स्थान दें।

हीट वेव कोई मजाक नही है।

एक बिना प्रयोग की हुई मोमबत्ती को कमरे से बाहर या खुले मे रखें, यदि मोमबत्ती पिघल जाती है तो ये गंभीर स्थिति है।

शयन कक्ष और अन्य कमरों मे २ आधे पानी से भरे ऊपर से खुले पात्रों को रख कर कमरे की नमी बरकरार रखी जा सकती है।

अपने होठों और आँखों को नम रखने का प्रयत्न करें।

*साभारः सोशल मीडिया*

# मुझे अफसोस है कि मैं तापसी के साथ काम नहीं कर पायाः चिरंजीवी

तापसी पन्नू अभिनीत फिल्म मिशन इम्पॉसिबल के रिलीज से पूर्व कार्यक्रम में शामिल हुए मेगास्टार चिरंजीवी ने अभिनेत्री की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें तापसी के साथ काम नहीं करने का पछतावा है।

चिरंजीवी ने कहा, फिल्म झुमंडी नादम में तापसी की उपस्थिति से मैं हैरान था। जब तक मैं उनके साथ काम कर पाता, तब तक मैं राजनीति में व्यस्त हो गया था।

उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा मुझे बिना तापसी जैसी अभिनेत्रियों के साथ काम किए राजनीति में आने का अफसोस है।

चिरंजीवी ने भी कलर फोटो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अभिनेता सुहास की भी सराहना की। कार्यक्रम में चिरंजीवी की उदार प्रशंसा ने नवोदित कलाकारों को बहुत प्रोत्साहन दिया।

फिल्म मिशन इम्पॉसिबल मैटिनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले निरंजन रेड्डी और अन्वेश रेड्डी द्वारा निर्मित है, जबकि इसे एजेंट साई श्रीनिवास अथरेया फेम स्वरूप आरएसजे द्वारा निर्देशित किया गया है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# आम खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान



गर्मी का मौसम आते ही बाजारों में आम आने भी शरू हो जाते हैं। हालांकि, बाजार में लगभग 12 किस्म के आम मौजूद होते हैं। इसलिए लोगों के लिए सही आम का चयन करना मुश्किल हो जाता है और वे बिना सोचे-समझे इसे खरीद लेते हैं। ऐसा करने पर कई बार आम अंदर से कच्चा और बेस्वाद निकल आता है। अगर आप पका और मीठा आम खरीदना चाहते हैं तो इन टिप्स को फॉलो करें।

आम को छूकर देखें

जब भी आप आम खरीदने जाए तो एक बार उन्हें छूकर देखें। इससे आपको इस बात का अंदाजा हो जाएगा कि आम कच्चा है या पका। अगर छूने पर आम सख्त पाया जाए तो उसे नहीं खरीदना चाहिए क्योंकि वह कच्चा और खट्टा निकल सकता है। वहीं, जो आम छूने में थोड़ा सॉफ्ट लगे, उसे खरीद लें क्योंकि ऐसे आम पके निकलते हैं और वह मीठे होते हैं।

आम की महक पर ध्यान देना भी है जरूरी

जब भी आप आम खरीदने जाए तो इसकी खुशबू पर खास ध्यान दें। दरअसल, बाजार में कुछ ऐसे आम भी आते हैं, जिनमें आर्टिफिशियल महक शामिल होती है और इनके सेवन से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप ऐसे आमों को खरीदने से बचें। वहीं, हल्की महक वाले आम को भी न खरीदें। आपको ऐसा आम खरीदना चाहिए, जिसमें से तेज मिठास की खुशबू आ रही हो।

इस तरह के आम खरीदने से बचें

अगर किसी आम से पानी रिस रहा हो तो उसे न खरीदें क्योंकि ऐसे आम खुद तो जल्दी सड़ जाते हैं और अन्य आम को भी खराब कर देते हैं। अगर आम में काले दाग-धब्बे हों या फिर छेद हो तो भी उन्हें खरीदने से बचें। वहीं, अगर आम आकार में अधिक बड़े हो तो इन्हें भी न खरीदें क्योंकि ऐसे आम आर्टीफीशियल फार्मिंग से तैयार किए जाते हैं। इनमें न तो स्वाद होता है और न ही स्वास्थ्यवर्धक।

आम को ऐसे करें स्टोर

अगर आप कच्चे आम को स्टोर करना चाहते हैं तो इसके लिए सभी कच्चे आमों को ऐसी टोकरी में रखें जिससे हवा आर-पार हो सके क्योंकि ऑक्सीजन ब्लॉक होने पर आम जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं, पके आम को फ्रिज में स्टोर करके रखें। हालांकि अगर आपके फ्रिज में टोकरी नहीं है तो आप इन्हें पेपर बैग में डालकर फ्रिज में रख सकते हैं। इससे ये कम से कम छह दिनों तक सही रहेंगे।

# गर्मियों में हो जाती है डिहाइड्रेशन की समस्या, बचने के लिए करें इन चीजों का सेवन

गर्मियों के मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। यह तब होता है जब हमारा शरीर तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स को बनाए रखने में असमर्थ होता है। इसके कारण ना सिर्फ किडनी, गुर्दे व शरीर के अन्य अंगों को नुकसान पहुंचता है बल्कि यह चक्कर आना, कमजोरी का कारण भी बन सकता है। वैसे तो डिहाइड्रेशन से बचने के लिए हर किसी को रोजाना 3 लीटर पानी पीना चाहिए लेकिन आप डाइट में कुछ फूड्स लेकर भी बॉडी को हाइड्रेट कर सकते हैं। इन फूड्स से करें बॉडी को हाइड्रेट...

केला

केले का सेवन दिन में एक या दो बार किया जा सकता है क्योंकि ये निर्जलीकरण के दौरान खोए हुए पोटेशियम को वापस पाने में मदद करता है।

छाछ

1 कप छाछ में सोंठ मिलाकर दिन में कम से कम 3 से 4 बार इसका सेवन करें। इससे ना सिर्फ बॉडी हाइड्रेट रहेगी बल्कि आप बीमारियों से भी बचे रहेंगे।

नारियल पानी

दिन में 1 नारियल पानी का सेवन भी बॉडी को हाइड्रेट करता है। वहीं, इसमें सोडियम और पोटैशियम होता है, जो आपको सेहतमंद रखने में फायदेमंद है।

दही

दही डिहाइड्रेशन के लिए सबसे अच्छे घरेलू उपचारों में से एक है। दिन में एक बार इसका सेवन शरीर के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

फल और सब्जियां

बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए अपनी डाइट में पानी से भरपूर फूड्स शामिल करें। इसके लिए आप संतरा, पालक, सलाद पत्ता, पपीता, खीरा खा सकते हैं।

तरबूज

गर्मियों में खाए जाने वाले तरबूज में ९९त्न पानी होता है। आप इसका जूस निकालकर पी सकते हैं। इसके अलावा तरबूज की स्मूदी, फ्रूट सलाद भी गर्मियों के लिए परफेक्ट ऑप्शन है।

## शब्द सामर्थ्य - 84

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ 3 | आ | वा | जा | ही | ■ 6 | ■ 4 |
| मा | ■ | खू | ब | ■ 8 | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ 10 | ल | क्ष्य |
| ■ 12 | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ 12 | वी | रा | न | ■ | ■ 15 | च | ट | क |
| ■ 17 | र | ब | ■ 18 | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ 17 | ■ 21 | आ | ग | ■ 19 | दा | ना | ■ |
| ■ 23 | अ | ग | र | म | ग | र | ■ 23 | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ 26 | ■ | व | ध |

# अगस्त में शुरू होगी विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर की शूटिंग

बॉलीवुड में कई बायोपिक फिल्मों पर काम चल रहा है। ऐसी ही एक फिल्म है सैम बहादुर, जो फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है। इसमें विक्की कौशल मानेकशॉ का किरदार निभाएंगे। एक बार फिर विक्की के कंधे पर फिल्म को हिट कराने का जिम्मा होगा। अब फिल्म से जुड़ी एक रोचक जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग इस साल अगस्त में शुरू होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, विक्की अभिनीत फिल्म सैम बहादुर की शूटिंग इस साल अगस्त में शुरू होगी। एक करीबी सूत्र ने बताया, टीम जल्द ही शूटिंग शुरू करने से पहले आवश्यक तैयारी शुरू करेगी। फिल्म के सभी कलाकार इस महीने से अपने किरदारों में खुद को ढालने के लिए तैयारियां शुरू कर देंगे। हालांकि, इस फिल्म का पहला शेड्यूल अगस्त, 2022 में शुरू किया जाएगा।

फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा मानेकशॉ की पत्नी सिल्लू मानेकशॉ की भूमिका में नजर आएंगी। इसका मतलब है कि विक्की और सान्या फिल्म में कपल के रूप में दिखेंगे। फातिमा सना शेख को श्रीमती इंदिरा गांधी के रूप में देखा जाएगा। दंगल में बहनों की भूमिका में दिखने के बाद यह दूसरा मौका है, जब सान्या और फातिमा स्क्रीन शेयर करेंगी। इससे पहले ये दोनों अनुराग कश्यप की फिल्म लूडो में साथ नजर आए थे।

फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं। फिल्म की घोषणा 2019 में हुई थी और तभी मेकर्स ने फिल्म से विक्की का फर्स्ट लुक साझा किया था। वह मिलिट्री ऑफिसर की वर्दी में खूब आकर्षक लग रहे थे। मेघना और रॉनी की प्रोडक्शन कंपनी आरएसवीपी ने पिछले साल मानेकशॉ की जयंती पर फिल्म के नाम का खुलासा किया था। पोस्ट में लिखा गया था, सैम मानेकशॉ की जयंती पर उनकी कहानी ने अपना नाम ढूंढ लिया। सैम बहादुर।

मानेकशॉ के चार दशक सैन्य करियर में पांच युद्ध हुए। वह पहले भारतीय सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। 1971 के भारत-पाक युद्ध में उनकी सैन्य जीत के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 2008 में उनका निधन हुआ।

विक्की के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह फिल्म मिस्टर लेले में मुख्य भूमिका निभाएंगे। वह द ग्रेट इंडियन फैमिली का भी हिस्सा हैं। गोविंदा नाम मेरा भी उनके खाते से जुड़ी हुई है। इसमें भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी अपने अभिनय का दम दिखाएंगी। सारा अली खान के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी को लेकर भी विक्की सुर्खियों में बने हुए हैं। द इम्मोर्टल अश्वत्थामा और तख्त जैसी फिल्मों में भी वह दिखाई देंगे।

# इस साल नहीं हो रहा अर्शी खान का स्वयंवर, अभिनेत्री ने बताई वजह

अपने बोल्ड अंदाज और बेबाक बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में रहने वाली अर्शी खान के स्वयंवर का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से था। खुद अर्शी ने इसे लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की थी। अब खबर है कि फिलहाल अर्शी छोटे पर्दे पर अपना स्वयंवर नहीं रचा रही हैं। उन्होंने खुद एक हालिया इंटरव्यू में यह खुलासा किया है और कहा है कि अभी इसके लिए दर्शकों को और इंतजार करना होगा।

अर्शी ने कहा, मैं इस बात से खुश हूं कि आखिरकार स्वयंवर शो हो रहा है। इस बात की और भी खुशी है कि मीका सिंह को नेशनल टेलीविजन पर दुल्हन मिलेगी। उन्होंने कहा, मैं तो अगले साल तक के लिए इंतजार कर सकती हूं। मैं अभी किसी भी रिलेशनशिप में आने या शादी करने की जल्दबाजी में नहीं हूं। मेरी टीम लगातार निर्माताओं के साथ बातचीत कर रही थी, लेकिन मैं वक्त नहीं निकाल पाई।

अर्शी ने कहा, मेरा पूरा फोकस अभी अपनी एक्टिंग पर है। मुझे मेरी डिजिटल सीरीज के लिए भी अच्छा फीडबैक मिल रहा है। इसके अलावा मैं पंजाबी और हरियाणवी गाने भी कर रही हूं। अर्शी ने कहा, मैं द ग्रेट खली से कुश्ती भी सीख रही हूं। लोग मुझे बहुत जल्द ही प्रोस्पोर्ट्स में भी देखेंगे। मैं हर चीज का पूरा लुत्फ उठा रही हूं, इसलिए मुझे अभी ऐसा कोई शो नहीं करना, जिसमें मुझे लाइफ पार्टनर मिले।

अर्शी शो आएंगे तेरे साजन में नजर आने वाली थीं। उन्होंने इस पर कहा था, सच कहूं तो मैं अब अपनी निजी जिंदगी में सेटल होना चाहती हूं। शादी करना चाहती हूं। मुझे यकीन है कि इस स्वयंवर शो के जरिए मुझे मेरा सही हमसफर जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा, इस सफर के लिए मैं काफी उत्साहित हूं। एक तरफ तो मुझे दर्शकों का फिर से मनोरंजन करने का मौका मिलेगा। दूसरी तरफ मेरी निजी जिंदगी में भी थोड़ी हलचल मचेगी।

अर्शी को सबसे ज्यादा लोकप्रियता बिग बॉस से मिली। वह बिग बॉस 11 और बिग बॉस 14 का हिस्सा रहीं। दोनों ही सीजन में उन्होंने लंबी पारी खेली, लेकिन वह फाइनलिस्ट नहीं बन सकीं। सीजन 11 में अर्शी 83 दिन शो में टिकी थीं, जबकी बिग बॉस 14 में वह चैलेंजर के तौर पर 66वें दिन घर के अंदर गई थीं और 127वें दिन में बाहर निकली थीं। कुछ समय पहले ही अर्शी फिल्म द लास्ट एम्परर में दिखी थीं।

# बैजू बावरा में तानसेन की भूमिका निभाएंगे अजय देवगन



हाल में अजय देवगन ने रूद्र: द एज ऑफ डार्कनेस से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू किया है। यह सीरीज 4 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। उनके ओटीटी डेब्यू को फैंस ने बेहद पसंद किया है। अब सुनने में आ रहा है कि वह संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा में तानसेन की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म में आलिया भट्ट के साथ रणवीर सिंह लीड रोल में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भंसाली की बैजू बावरा में अजय संगीतकार तानसेन की भूमिका में दिखेंगे। एक सूत्र ने बताया, जब भंसाली ने 23 साल बाद गंगूबाई काठियावाड़ी में अजय के साथ काम किया, तो वह अपने अनुभवों को लेकर आशंकित थे। लेकिन वे साथ होकर छा गए। भंसाली को लगता है कि गंगूबाई काठियावाड़ी की सफलता में अजय का बड़ा हाथ है। वह चाहते हैं कि अजय बैजू बावरा का हिस्सा बनें।

सूत्र ने बताया कि इस फिल्म में अजय का कैरेक्टर ग्रे होगा और उन्हें इस प्रकार का किरदार निभाने में कोई संकोच नहीं है। उन्होंने अभी तक फिल्म साइन नहीं की है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

अजय आखिरी बार भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में ही दिखे हैं, जो 25 फरवरी को सिनेमाघरों में आई थी। इसमें अजय ने रहीम लाला की भूमिका निभाई है। आलिया ने इस फिल्म में वेश्या गंगूबाई का किरदार निभाया था। गंगूबाई को शक्तिशाली बनाने में रहीम की महत्वपूर्ण भूमिका थी। भले ही फिल्म में अजय ने कैमियो की भूमिका निभाई थी, लेकिन उन्होंने इसके लिए 11 करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

रणवीर और आलिया बैजू बावरा की शूटिंग इस साल के मध्य तक शुरू करेंगे। दोनों कलाकार फिलहाल रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग कर रहे हैं। बैजू बावरा के जरिए रणवीर चौथी बार भंसाली के साथ काम कर रहे हैं। सबसे पहले दोनों ने फिल्म गोलियों की रासलीला रामलीला में साथ काम किया था। गंगूबाई काठियावाड़ी के बाद आलिया दूसरी बार भंसाली की फिल्म में नजर आने वाली हैं।

इस फिल्म की कहानी 1952 में आई क्लासिक फिल्म बैजू बावरा पर आधारित होगी। बैजू बावरा एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन विजय भट्ट ने किया था। यह फिल्म 1952 में रिलीज हुई थी और इसमें मीना कुमारी और भारत भूषण जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक संगीतकार के जीवन पर आधारित है, जो अपने पिता की मृत्यु का बदला अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन से लेता है।

अजय स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान में दिखेंगे। इसमें वह एक फुटबॉल कोच की भूमिका निभाएंगे। उन्हें आरआरआर में देखा जा सकता है। वह रेड 2 में भी नजर आएंगे। उन्हें कैथी की हिन्दी रीमेक में भी देखा जाएगा।

# इलियाना और रणदीप हुड्डा की फिल्म में दिखेंगे करण कुंद्रा

बिग बॉस 15 का सफर हाल में खत्म हुआ है। इस शो ने टीवी अभिनेता करण कुंद्रा को एक नई पहचान दी है। भले वह शो का खिताब नहीं जीत पाए, लेकिन उन्होंने अपनी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग बनाई है। शो बिग बॉस 15 का विजेता तेजस्वी प्रकाश रहीं, जबकि करण सेकेंड रनर-अप घोषित किए गए। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह इलियाना डिक्रूज और रणदीप हुड्डा की अगली फिल्म में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, करण इलियाना और रणदीप की अगली फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। खबरों की मानें तो यह फिल्म इसी साल दर्शकों के बीच आएगी। कुछ समय पहले चर्चा चली थी कि उन्हें एक बॉलीवुड फिल्म ऑफर की गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी फिल्म को लेकर मीडिया में खबरें आई थीं। फिलहाल उनके रोल के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

वर्तमान में करण कंगना रनौत के रियलिटी शो लॉकअप में नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि जब से शो में उनकी एंट्री हुई है, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर दर्शकों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। बिग बॉस 15 की तरह इस शो में भी वह मसालेदार तड़का लगाने में कामयाब हुए हैं।

प्रोजेक्ट्स के अलावा करण अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। तेजस्वी के साथ उनका इश्क छुपाए नहीं छुप रहा है। बॉलीवुड गलियारों में उनकी शादी की चर्चा भी जोरो पर है। हाल में करण के पिता ने उनके रिलेशनशिप को लेकर कहा था, सब ठीक रहा तो जल्दी कर देंगे शादी। बता दें कि बिग बॉस 15 में ही करण और तेजस्वी के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं।

कितनी मोहब्बत है से करण को पहचान हासिल हुई थी। उन्हें ये रिश्ता क्या कहलाता है में देखा गया था।

# स्पेनिश फिल्म चैम्पियंस की हिन्दी रीमेक में दिखेंगे आमिर, अभिनेता ने की पुष्टि

अभिनेता आमिर खान ने हाल में अपना 57वां जन्मदिन मनाया है। इस खास अवसर पर उन्होंने मीडिया से बातचीत की और कई सवालों के जवाब भी दिए। जब उनसे स्पेनिश फिल्म चैम्पियंस की हिन्दी रीमेक को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इसको लेकर अहम खुलासा किया है। आमिर ने बताया कि वह इस फिल्म की योजना पर काम कर रहे हैं। बता दें कि काफी समय से फिल्म को लेकर आमिर सुर्खियों में बने हुए हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पेनिश फिल्म चैम्पियंस की हिन्दी रीमेक को लेकर आमिर ने कहा, मैंने अभी तक अपनी अगली फिल्म की घोषणा नहीं की है, आपको कैसे पता चला? योजना पर काम चल रहा है। मैं आपको जल्द ही बता दूंगा। यह पहला मौका है जब आमिर ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। जाहिर तौर पर आमिर के खाते में एक और बड़ी फिल्म जुड़ गई है।

यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन शुभ मंगल सावधान के डायरेक्टर आरएस प्रसन्ना करेंगे। इस फिल्म को सोनी पिक्चर्स इंडिया द्वारा निर्मित किया जाएगा। बहुत संभव है कि आमिर भी इस फिल्म को को-प्रोड्यूस करेंगे। यह पहला मौका है जब आमिर और प्रसन्ना साथ में किसी प्रोजेक्ट में काम करते हुए नजर आएंगे। फिलहाल फिल्म के अन्य कलाकारों के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। जल्द इस संबंध में आधिकारिक घोषणा होगी।

स्पेनिश फिल्म चैम्पियंस की हिन्दी रीमेक इसलिए खास होगी, क्योंकि इसमें आमिर का किरदार काफी दमदार है। फिल्म एक शराबी कोच की भूमिका के इर्दगिर्द घूमती है, जो दिमागी तौर पर असक्षम खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देता है। यह टीम दुनियाभर में कई ट्रॉफी जीतती है और अपना पहचान बनाती है। फिल्म में आमिर शराबी कोच की भूमिका को पर्दे पर निभाते दिखेंगे। लगान, दंगल जैसी फिल्मों की तरह इस फिल्म में भी उनका कैरेक्टर लोगों को प्रेरित करेगा।

चैम्पियंस बास्केटबॉल की पृष्ठभूमि पर आधारित एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जो 2018 में रिलीज हुई है। फिल्म में जेवियर गुटिरेज, जोस डी लूना, ग्लोरिया रामोस, रॉबर्टो चिंचिला, लुइसा गावासा, मारियानो लोरेंटे और जुआन मार्गालो ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन जेवियर फेसर ने किया था।

आमिर अभी जिस फिल्म को लेकर दर्शकों की जुबां पर हैं, वो है लाल सिंह चड्ढा। फिल्म से आमिर का लुक भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ है। फिल्म के पोस्टर में वह लंबी दाढ़ी और पगड़ी पहने हुए नजर आए थे। इस फिल्म में पहली बार आमिर सिख शख्स के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म भी फॉरेस्ट गंप की हिन्दी रीमेक है। फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी और इसमें करीना कपूर भी दिखेंगी।

# उदात्त मूल्य कट्टर नहीं होते

अजीत द्विवेदी

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने २९ मार्च २०२२ को एक ट्विट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'आम आदमी पार्टी की विचारधारा के तीन स्तंभ हैं- एक, कट्टर देशप्रेम। दो, कट्टर ईमानदारी और तीन, इंसानियत'। इसके आगे उन्होंने लिखा, 'दिल दिया है, जां भी देंगे ए वतन तेरे लिए'। अरविंद केजरीवाल की जगह यह ट्विट किसी और ने किया होता तो उस पर विचार की जरूरत नहीं होती। लेकिन चूंकि खुद केजरीवाल ने यह ट्विट किया है और 'देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियत' को अपनी पार्टी की विचारधारा बताया है इसलिए जरूरी है कि इस पर गंभीरता और बारीकी से विचार किया जाए। इस ट्विट के जरिए उन्होंने उन लोगों को भी जवाब देने का प्रयास किया है, जो उनकी पार्टी को विचारधारा से परे या 'उत्तर विचारधारा' की पार्टी मानते रहे हैं।

इस पर विचार की शुरुआत में सबसे पहले यह बताना जरूरी है कि 'देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियत' कोई विचारधारा नहीं हैं। ये मानवीय मूल्य हैं, जो सहज रूप से हर व्यक्ति में होना चाहिए और होता भी है। विचारधारा और मानवीय मूल्यों में जमीन आसमान का फर्क होता है। विचारधारा ऐसी चीज नहीं होती है, जो हर व्यक्ति में एक जैसी हो या हर व्यक्ति एक विचारधारा से निर्देशित हो। परंतु मानवीय मूल्य ऐसी चीज है, जो हर व्यक्ति में समान रूप से हो सकती है। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि मानवीय मूल्य ही किसी को इंसान बनाते हैं। जिस तरह से दया, प्रेम, अहिंसा आदि उदात्त मानवीय मूल्य हैं उसी तरह से देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियत भी उदात्त मानवीय मूल्यों की श्रेणी में आते हैं और इनके होने से ही इंसान की पहचान होती है। हर इंसान में ये मूल्य होने चाहिए चाहे वह किसी भी विचारधारा को मानने वाला है। तभी कोई यह नहीं कह सकता है कि समाजवादी या साम्यवादी विचार को मानने वाला व्यक्ति ईमानदारी, देशप्रेम या इंसानियत के मूल्यों से भरा नहीं होता है। या पूंजीवादी, उदार या मिश्रित समाजवाद की विचारधारा को मानने वाला व्यक्ति ईमानदार, देशप्रेमी या इंसानियत वाला नहीं हो सकता है। आप चाहे किसी भी विचारधारा को मानते हों, आप ईमानदार, देशप्रेमी और इंसानियत से भरे हो सकते हैं।

यह नहीं कहा जा सकता है कि देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियत में भरोसा करने वाला व्यक्ति किसी खास पार्टी या किसी खास विचारधारा का ही व्यक्ति होगा। इस बुनियादी फर्क को पता नहीं केजरीवाल ने क्यों नहीं समझा? यह भी हो सकता है कि उन्होंने समझते हुए यह बात कही हो क्योंकि नेता आमतौर पर जनता को मूर्ख समझते हैं या लगभग हर समय मूर्ख बनाने की कोशिश करते रहते हैं। केजरीवाल का बयान इसी प्रयास का हिस्सा है। बरसों तक प्रचार और हजारों करोड़ रुपए के विज्ञापन के जरिए नरेंद्र मोदी ने अपने को सबसे बड़ा देशभक्त और ईमानदार नेता स्थापित किया है। केजरीवाल उस गढ़ी हुई छवि से मुकाबले के लिए अपने को उसी खांचे में फिट करके प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी तरह उन्होंने अपने ट्विट में 'दिल दिया है, जां भी देंगे ए वतन तेरे लिए' लिखा है, वह भी कोई विचारधारा नहीं है, बल्कि एक जज्बा है, जो हर इंसान के दिल में अपने अपने वतन के लिए होता है। हो सकता है कि वतन की बात पर किसी का दिल जरा ज्यादा जोर से धड़कता हो पर यह तय है कि वह दिल किसी नेता का नहीं होगा।

केजरीवाल की टिप्पणी में दूसरा अहम सुधार यह जरूरी है कि कोई भी उदात्त मानवीय मूल्य कट्टर नहीं हो सकता है। कट्टरता खत्म होती है तभी तो कोई मानवीय मूल्य उदात्त होता है। क्या प्रेम कभी कट्टर हो सकता है? कट्टर होते ही प्रेम खत्म हो जाएगा। आसक्ति जरूर कट्टर हो सकती है लेकिन प्रेम नहीं। अगर किसी को आसक्ति और प्रेम में फर्क नहीं पता हो तो अलग बात है। ऐसा व्यक्ति 'डर' फिल्म के शाहरुख खान की बेलगाम आसक्ति को भी प्रेम मान सकता है। प्रेम जहां किसी को उदार और दयालु बनाता है वहीं आसक्ति उसे क्रूर और हिंसक बना सकती है। यानी प्रेम जैसे ही कट्टर होगा वह क्रूर और हिंसक हो जाएगा। वैसे ही देशप्रेम जैसे ही कट्टर होगा वैसे ही वह क्रूर, हिंसक और अमानवीय हो जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता तो गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर ने यह नहीं लिखा होता कि 'मैं जब तक जिंदा हूं तब तक देशप्रेम को मानवता के ऊपर स्थापित नहीं होने दूंगा'। उनके लिए मानवता देशप्रेम से बड़ी चीज थी। यहां तो केजरीवाल देशप्रेम की नहीं, बल्कि कट्टर देशप्रेम की बात कर रहे हैं। कट्टर देशप्रेम सबसे पहले मानवता की हत्या करता है।

इसी तरह ईमानदारी भी कट्टर नहीं होती है, बल्कि सहज होती है। ईमानदारी सहज मानवीय गुण है। अफसोस की बात है कि आजकल ईमानदारी एक दुर्लभ चीज हो गई है इसलिए जब यह खबर आती है कि 'ईमानदार ऑटो वाले ने पर्स लौटाया' तो हैरानी होती है, रोमांच होता है और खुशी होती है। कायदे से यह कोई अच्छी खबर नहीं है, बल्कि समाज और इंसान के निरंतर बेईमान होते जाने को प्रतीकित करने वाली प्रतिनिधि घटना है। यहीं कारण है कि पार्टियों और नेताओं को विज्ञापन देकर या ट्विट करके बताना पड़ता है कि वे ईमानदार हैं और उसमें भी कट्टर ईमानदार हैं। अव्वल तो ईमानदारी कट्टर नहीं होती है। अगर मान भी लें कि केजरीवाल ने अपने को संपूर्ण रूप से ईमानदार बताने के लिए इस विशेषण का इस्तेमाल किया तब भी यह गलत है। क्योंकि मिथक कथाओं के सत्य हरिश्चंद्र के अलावा संपूर्ण ईमानदारी का कोई प्रतीक भारत में नहीं है। अगर लिखना शुरू करें तो कई पन्ने भर जाएंगे, उन झूठों से जो आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बोले हैं। हां, यह हो सकता है कि किसी और की तुलना में उसके नेता ईमानदार हों, लेकिन वह भी सब्जेक्टिव और बहस का विषय है।

अंत में, अच्छा हुआ जो केजरीवाल ने इंसानियत को कट्टर नहीं बताया। उन्होंने अपने ट्विट में अपनी पार्टी की विचारधारा के तीसरे स्तंभ के रूप में इंसानियत को रखा। अगर वे इंसानियत को भी कट्टर बता देते तो इंसानियत पर से भरोसा उठ जाता। सो, ऐसा मान सकते हैं कि उनके थोड़ी इंसानियत बची हुई है इसलिए उन्होंने इस सहज मानवीय गुण को कट्टर नहीं कहा।

## वैश्विक स्तर पर राजामौली की आरआरआर ने महज तीन दिनों में कमाए ५०० करोड़ रुपये

प्रदर्शन के पहले दिन ही वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी आरआरआर ने अपने पहले सप्ताहांत में पूरे विश्व में कमाई के स्तर को लगातार बरकरार रखते हुए ५०० करोड़ के आंकड़े को छूने में कामयाबी प्राप्त कर ली है। फिल्म ने तीसरे दिन हिंदी बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म पहले वीकेंड पर अपने खाते में बड़ी रकम जोड़ते हुए अकेले हिंदी बॉक्स ऑफिस से अब तक 75 करोड़ रुपये की बड़ी कमाई कर चुकी है।

ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ट्वीट कर ऐलान किया है कि राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के हिन्दी वर्जन ने तीसरे दिन यानी रविवार को कुल 31.5० करोड़ रुपये की बंपर कमाई की है। फिल्म ने पहले दिन हिंदी सिनेमाघरों से सिर्फ हिंदी वर्जन में जहां 19 करोड़ रुपये की कमाई की तो वहीं, दूसरे दिन ये आंकड़ा 24 करोड़ रुपये हो गया था। तीसरे दिन फिल्म ने अपने खाते में 31.०5 करोड़ रुपये बटोरते हुए कुल 74.5० करोड़ रुपये नाम कर लिए हैं। इसके साथ ही ये फिल्म साल 2०22 की पहली फिल्म बन गई है, जिसने एक दिन में ३० करोड़ रुपये की रकम बॉक्स ऑफिस से हासिल की। यही नहीं, दिलचस्प बात ये है कि ये फिल्म वर्ल्डवाइड स्तर पर 3 दिन के अंदर ही ५०० करोड़ रुपये की बड़ी रकम अपने नाम कर चुकी है। ये आंकड़ा कोरोना काल के बीच रिलीज हुई अभी तक की सभी फिल्मों से कहीं ज्यादा है।

## सू- दोकू क्र. 84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## मुझे याद है कि मैं अपने फर्स्ट लुक टेस्ट से पहले बेहद नर्वस थी:विधि पंड्या

मोसे छल की जाए की अभिनेत्री विधि पांड्या ने शो के लिए किए गए अपने पहले मेकओवर की यादें ताजा की।

शो में सौम्या की भूमिका निभाने वाली विधि याद करती है कि फर्स्ट लुक टेस्ट के लिए जाने से पहले वह कैसे घबराई हुई थी।

वह कहती है कि मुझे याद है कि मैं अपने पहले लुक टेस्ट से पहले बेहद नर्वस थी। मैंने पूरी तरह से मेकओवर किया, लेकिन मैं झिझक रही थी। लेकिन जब मैंने अपने नए अवतार को आईने में देखा, तो यह मुझे अचंभित कर गया।

अभिनेत्री को बिग बॉस 15 में अपने हालिया कार्यकाल के लिए भी जाना जाता है। वह इस बात पर जोर देती हैं कि मेकओवर भी एक व्यक्तिगत पसंद होना चाहिए।

मेरा मानना है कि कोई केवल अपने मेकओवर का आनंद तभी ले सकता है जब वह चाहे, और न कि दूसरे के चाहने पर आप अपने दिखने के तरीके को बदल दे। हमें कभी भी किसी को अपनी पसंद को निर्धारित नहीं करने देना चाहिए, और हमारे निर्णय केवल उसी तरह से लेने चाहिए जैसे हम चाहते हैं।

मोसे छल की जाए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# भारत के लिए नई चुनौतियां

वेद प्रताप वैदिक

भारत की विदेश नीति से सीधा संबंध रखने वाली कई घटनाएं इधर एक साथ हो गई हैं और हो रही हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत पहुंच चुके हैं। संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए जो प्रस्ताव रखा है, उसका समर्थन सिर्फ चीन ने किया है। भारत उसमें भी तटस्थ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यूरोप पहुंच चुके हैं। यूरोपीय राष्ट्रों के नई दिल्ली स्थित राजदूतों ने रूस के विरोध में एक संयुक्त लेख छपवाया है। यह काम वे पहले ही इस्लामाबाद में भी कर चुके हैं।

जी-7 देशों के समूह ने रूस पर कुछ नए प्रतिबंध थोप दिए हैं। हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने संसद में भारत की यूक्रेन-नीति की व्याख्या करते हुए कई तर्क पेश किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति झेलेंस्की ने नाटो की सदस्यता की बात तो छोड़ दी है लेकिन यूरोपीय संघ की सदस्यता की मांग जोरों से की है। एक माह-बीत गया लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यूक्रेनी लोग बड़ी बहादुरी से लड़ रहे हैं। यूक्रेन के कई शहर ध्वस्त हो गए हैं और लगभग ८० लाख लोग देश छोड़कर बाहर भाग गए हैं। उधर रूस के भी 15-2० हजार सैनिकों के मारे जाने और हवाई जहाजों के नष्ट होने की खबरें हैं।

परमाणु-युद्ध की धमकियां भी यूरोप पर मंडरा रही हैं लेकिन झेलेंस्की के निवेदन के बावजूद व्लादिमीर पूतिन बात करने को तैयार नहीं हैं। इस समय यह समझना मुश्किल हो रहा है कि यह युद्ध कैसे खत्म होगा? यह भी थोड़ा आश्चर्यजनक है कि झेलेंस्की अभी तक सुरक्षित कैसे हैं? हो सकता है कि पूतिन उन्हें जिंदा ही पकड़ना चाहते हों। वरना, रूस के पास ऐसे फौजी शस्त्रास्त्र पर्याप्त मात्रा में है, जिनसे वे झेलेंस्की के ठिकाने पर हमला बोल सकें। रूस ने सुरक्षा परिषद में यूक्रेन को सहायता पहुंचाने का जो प्रस्ताव रखा है, उससे बड़ा क्रूर मजाक क्या हो सकता है? यदि रूस हमला नहीं करता या अब भी उसे बंद कर दे तो यह अपने आप में उसकी बड़ी कृपा होगी। रूस ने यूक्रेन को इतना गहरा धक्का पहुंचाया है, जितना उसे द्वितीय महायुद्ध में भी नहीं पहुंचा था। रूस ने सारी दुनिया में जबर्दस्त बदनामी मोल ले ली है। भारत को अब सोचना पड़ेगा कि वह रूस का समर्थन कब तक करता रहेगा? चीन ने रूसी मदद के ताजा प्रस्ताव का समर्थन करके रूस के इस्पाती मित्र और संरक्षक का दर्जा तो हासिल कर लिया है लेकिन यूक्रेन के सवाल पर उसने सिद्ध कर दिया है कि वह भारत की तरह तटस्थ और निष्पक्ष नहीं है। यूक्रेन के सवाल पर भारत और चीन के रवैयों में तो फर्क साफ़ दिखाई पड़ ही रहा है, लेकिन इस्लामाबाद में वांग यी ने कश्मीर पर पाकिस्तान-समर्थक बयान देकर अपनी भारत-यात्रा को बेस्वाद कर दिया है। उनका और रूसी प्रतिनिधि का अचानक काबुल जाना यह बताता है कि वे अब अफगानिस्तान को भी पाकिस्तान की तरह अपना मोहरा बनाना चाहते हैं।

# आँखों की नि:शुल्क जाँच शिविर में 303 मरीजों ने लाभ उठाया



संवाददाता

देहरादून। दून सिख वेलफेयर सोसाइटी के दो दिवसीय 40वें कैम्प के जांच शि विर में 303 रोगियों ने लाभ उठाया।

आज यहां दून सिख वेलफेयर सोसाइटी के 40वें 3 व 4 अप्रैल, दो दिन के नि:शुल्क जाँच शिविर में 303 रोगियों ने लाभ उठाया। मोतिया बिन्द के ऑपरेशन के लिये 48 रोगी पाये गये जिनमें 27 को ऑपरेशन के लिये श्री महन्त इन्द्रेश हॉस्पिटल भेज दिया गया बाकी को कल तक या 9 अप्रैल 2022 तक भेजकर ऑपरेशन करा दिया जायेगा। शिविर के दौरान 8 रोगी मोतिया बिन्द के अलावा अन्य आंखों की बीमारी से ग्रस्त थे उन्हें हॉस्पिटल भेजा जायेगा जहां मुफ्त इलाज होगा। सभी रोगियों को दवाएं, नजर के चश्मे मुफ्त दिये गये तथा कैम्प में मरीजो के रहने, खाने पीने की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध थी।

कैम्प के संयोजक सरदार इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि 40वे कैम्प का समापन रविवार 10 अप्रैल को साढे ग्यारह बजे गुरु नानक निवास में होगा जहाँ कैम्प के सहयोगी श्री महन्त इन्द्रेश हॉस्पिटल के डॉक्टरों एवं स्टाफ को उनकी सेवाओँ के लिये सम्मानित किया जायेगा। आज के कैम्प में संस्थापक अध्यक्ष सरदार कृपाल सिंह चावला, अध्यक्ष वी के गुप्ता, सचिव सरदार जे एस मदान के साथ जी एस जस्सल, एस भाटिया, ए डी भारद्वाज, के के अरोड़ा, डी एस वालिया, रछपाल सिँह, जे सी आहूजा आदि सदस्यों ने कैम्प को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया।



# चिरंजी लाल बने राष्ट्रीय महासचिव

संवाददाता

देहरादून। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज के राष्ट्रीय महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश का प्रभारी चिरंजी लाल को बनाया गया है। आज यहां अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युव जन समाज रजिस्टर्ड उत्तराखण्ड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद उत्तराखण्ड के सांसद प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद विकास चौहान ने एक बयान में बताया कि अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युव जन समाज रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान चंद जीनवाल ने संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व प्रदान करते हुए उत्तराखण्ड प्रदेश से जिला देहरादून पछवादून सहसपुर निवासी समाजिक कार्यकर्तो नेता चिरंजी लाल को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युव जन समाज में राष्ट्रीय महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है एवं तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड प्रदेश युव जन समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान चंद के नेतृत्व में संपूर्ण भारत वर्ष में संगठन बहुत मजबूती के साथ कार्य कर रहा है और आम जान मनाया आम जनमानस गरीबों पिछड़ों दलितों की हक व अधिकार की आवाज को शासन प्रशासन तक ले जाकर पुरजोर तरीके से उठाने का काम निरंतर कर रहा है।

# पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नाम किया सम्पत्ति का मालिकाना हक

विशेष संवाददाता



देहरादून। सुश्री पुष्पा मुन्जियाल पुत्री मेघराज निवासी प्रेम धाम, 25 नेहरू रोड़, डालनवाला, देहरादून ने अपनी सारी सम्पत्ति का मालिकाना हक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के नाम करते हुए देहरादून कोर्ट में वसीयतनामा पेश किया गया है।

इस बात की जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के नाम अपनी सम्पत्ति का वसीयतनामा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह को उनके यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर सौंपते हुए सुश्री पुष्पा मुन्जियाल ने कहा कि वे राहुल गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रभावित हैं। उनके परिवार ने देश की आजादी से लेकर आज तक हमेशा आगे बढकर देश के लिए अपनी सर्वोच्च कुर्बानी दी है। चाहे श्रीमती इन्दिरा गांधी हो, चाहे राजीव गांधी हों उन्होंने इस देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दी।

उन्होने कहा कि सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी ने देश सेवा के लिए अपने को समर्पित किया है। सुश्री पुष्पा मुन्जिवाल ने न्यायालय में अपनी सम्पत्ति का पूर्ण व्यौरा देते हुए राहुल गांधी के नाम वसीयतनामा प्रस्तुत कर न्यायालय से अनुरोध किया है कि मेरे उपरान्त मेरी पूरी सम्पत्ति का मालिकाना हक उन्हें सौंपा जाय। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, सीमा जौहर, अमित कुमार, अजय नेगी, नवीन जोशी, सीताराम नौटियाल आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## गरीब बच्चों के लिए खुला निशुल्क बुक बैंक

काशीपुर (आरएनएस)। सेवा भारती ने जरूरतमंद छात्र–छात्राओं को किताबें उपलब्ध कराने के लिए बुक बैंक खोला है। दो शिक्षकों ने मिलकर इस बैंक की स्थापना की है। उन्होंने छात्र–छात्राओं से किताबों को रद्दी में नहीं बेचने की अपील की है। सेवा भारती के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने ठाकुरद्वारा बस स्टैंड पर साथी शिक्षक अनिल चौहान के आवास पर निशुल्क बुक बैंक का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा महंगाई के दौर में कुछ छात्र–छात्राएं अपनी पाठ्य पुस्तक नहीं खरीद पा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के छात्र–छात्राओं अभिभावकों एवं विद्यालय संचालकों से अपील की है कि पुरानी किताबे रद्दी में न बेचें। निशुल्क बुक बैंक में जमा कराएं। ताकि उन किताबों को जरूरतमंद छात्र छात्राओं को निशुल्क उपलब्ध कराई जा सके। इस पहल की सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सराहना की है।

# भारी मात्रा में स्मैक व हजारों की नगदी सहित तस्कर गिरफ्तार

हरिद्वार (ह सं)। भारी मात्रा में स्मैक, इलैक्ट्रानिक तराजू व हजारों की नगदी सहित पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना भगवानपुर को सूचना मिली कि ग्राम शाहपुर में इखलाख के घर में भारी मात्रा में स्मैक है यदि जल्दी छापेमारी की जाए तो यह स्मैक बरामद हो सकती है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर छापेमारी कर इखलाख पुत्र इकराम निवासी ग्राम शाहपुर भगवानपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 123.50 ग्राम स्मैक, डिजिटल तराजू व 13,300 की नगदी बरामद की। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अलीम जो खुब्बनपुर भगवानपुर का रहने वाला है और छोटा जिसके भाई का नाम गफ्फारी है व जो क्रबिस्तान शाहपुर के पास रहता है उनसे यह स्मैक खरीदी थी। जिसे मैं छोटी–छोटी बिट बनाकर आस–पास के गांव में बेचता हूं। बहरहाल पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।



# दिव्यागों की परेशानी से मंत्री को अवगत कराया

संवाददाता



देहरादून। मानव अधिकार एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास से मुलाकात कर दिव्यागजनों की समस्याओं से अवगत कराया।

आज यहां मानव अधिकार एवं सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन के नेतृत्व में समाज कल्याण मंत्री चंदन रामदास से मुलाकात की इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती मधु जैन ने समाज कल्याण मंत्री चंदनराम दास से मुलाकात कर दिव्यांगजनों को हो रही सामाजिक और आर्थिक परेशानी से समाज कल्याण मंत्री को अवगत कराते हुए मधु जैन ने कहा कि कोरोना के कारण व्यावसायिक गतिविधियां कम हो गई हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा मुसीबत दिव्यांग लोगों को हो रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में दिव्यांग जनों का एक विशेष सर्वे करवाकर उन्हें चिन्हित किया जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का संपूर्ण लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर मानव अधिकारों समाज यहां संगठन का सहयोग की जरूरत पड़े तो संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी आपके साथ कंध` से कंधा मिलाकर इस कार्य में कदम से कदम कार्य करेगा।



## एक नजर

# आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। लखीमपुर हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने के मामले पर आज सुनवाई करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अपराध संगीन है लेकिन आशीष मिश्रा के विदेश भागने की कोई संभावना नहीं है। गौरतलब है कि लखीमपुर खीरी हिंसा के दौरान गत वर्ष तीन अक्टूबर को आठ लोगों की मौत हो गयी थी। यह हिंसा तब भड़की थी जब किसान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव



प्रसाद मौर्य के क्षेत्र के दौरे के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट की पीठ इलाहाबाद हाईकोर्ट के १० फरवरी के आदेश को चुनौती देते हुए लखीमपुर खीरी हिंसा में मारे गए किसानों के परिजनों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर विचार कर रही थी। पीठ ने उत्तर प्रदेश राज्य से यह भी कहा कि उसे विशेष जांच दल की निगरानी करने वाले न्यायाधीश की सिफारिश के आधार पर जमानत आदेश के खिलाफ अपील दायर करनी चाहिए थी। हालांकि, राज्य ने कहा कि अपराध गंभीर था लेकिन मिश्रा के भागने का जोखिम नहीं था और गवाहों को पर्याप्त सुरक्षा दी गई है।

# श्रीलंका में इमरजेंसी के बीच पूरी कैबिनेट ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली । श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पिछले कई सप्ताह से देश की जनता को तेल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। अब तक के सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका के कैबिनेट मंत्रियों ने रविवार देर रात तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। देश के शिक्षा मंत्री और सदन के नेता दिनेश गुणवर्धने ने कहा कि कैबिनेट मंत्रियों ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने सामूहिक इस्तीफे का कोई कारण नहीं बताया। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने शुक्रवार देर रात एक




विशेष गजट अधिसूचना जारी कर श्रीलंका में एक अप्रैल से तत्काल प्रभाव से आपातकाल लागू करने की घोषणा की थी। सरकार ने शनिवार शाम छह बजे से सोमवार (चार अप्रैल) सुबह छह बजे तक ३६ घंटे का कर्फ्यू भी लगा दिया। इस बीच, श्रीलंका सरकार ने व्हाट्सऐप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों पर लगाया गया प्रतिबंध रविवार को हटा दिया।

# बुका में शवों को दिखाने वाले फुटेज और तस्वीरें कीव द्वारा उकसाने की साजिशः रूस

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच जारी महायुद्ध ने भीषण खून–खराबे का रूप ले लिया है, दोनों देशों के बीच शांति वार्ता भी लगातार जारी है। लेकिन रूस के दावे और शांति के लिए प्रयास महज दिखावा साबित हो रहे हैं। इस बीच यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने रूसी बलों पर बुका शहर में



नरसंहार करने का आरोप लगाया है, वहीं रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि बुका में शवों को दिखाने वाले फुटेज और तस्वीरें कीव द्वारा उकसाने की साजिश है। इस नरसंहार के मद्देनजर यूक्रेन और पश्चिमी देशों के आक्रोश ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डाला क्योंकि इससे उनके देश पर लगे प्रतिबंधों की संभावना बढ़ गई है। बता दें कि पश्चिमी देशों ने पहले ही रूस को आर्थिक प्रतिबंधों के साथ गहरी मार दी है क्योंकि वे यूक्रेन पर आक्रमण के लिए मॉस्को को दंडित करना चाहते हैं। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बताया, हम अभी भी इकट्ठा हो रहे हैं और शवों की तलाश कर रहे हैं, लेकिन संख्या पहले ही सैकड़ों में जा चुकी है। कुलेबा ने कहा, सड़कों पर लाशें पड़ी हैं। रूसी सैनिकों ने वहां रहने वाले लोगों और इन गांवों और कस्बों को छोड़ रहे लोगों को मार डाला है। दिमित्रो कुलेबा ने मॉस्को पर ष्विनाशकारीष् नए प्रतिबंध लगाने के लिए जी ७ देशों का आह्वान किया।

# उत्तराखंड में भी चलेगा बुलडोजरः धामी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में भी अब अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलेगा, यह बात आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अपने आवास पर नेपाल से आए डेलीगेशन से वार्ता के बाद पत्रकारों से कहा कि नेपाल के साथ भारत के बहुत पुराने आत्मीय रिश्ते रहे हैं। नेपाल के साथ हमारा रोटी-बेटी का संबंध रहा है। नेपाल से आये पार्लियामेंट्री कमेटी के सदस्यों से



बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि इन रिश्तो को और अधिक बेहतर और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई है। जिसमें व्यापार, सीमा विवाद और विकास परियोजनाओं पर बातचीत हुई है।

**❑हटाए जाएंगे अवैध निर्माण**

**❑नहीं चलेगी तुष्टीकरण की राजनीति**

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद वह पहली बार दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के चुनाव में जो पार्टी को जीत मिली है उसमें केंद्रीय योजनाओं और प्रधानमंत्री की अहम भूमिका रही है इसलिए मैं उनका आभार जताता हूं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह नहीं लेकिन राज्य में अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या वह भी यूपी के सीएम योगी की तरह राज्य में बोल्डोर चलवाने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। अवैध निर्माणों को हटाने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री अपने दिल्ली दौरे के दौरान कई केंद्रीय नेताओं से मिलेंगे तथा राज्य में चल रही विकास योजनाओं पर वार्ता करेंगे कि कैसे काम को आगे बढ़ाना है।

## मसूरी रोड पर खाई में गिरी कार

हमारे संवाददाता

देहरादून। सड़क दुर्घटना में आज सुबह मसूरी रोड के समीप एक कार खाई में जा गिरी। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद एक महिला सहित दो लोगों को कार से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार आज सुबह पुलिस व एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि मसूरी रोड पर एक कार खाई में लटकी हुई है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू आप्रेशन शुरू किया। कार में एक पुरूष व एक महिला सवार थे। जिन्हे कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ टीम ने बाहर निकाला। जिनके नाम अमित पुत्र रमेश चंद्र निवासी अरावली अपार्टमेंट दिल्ली व आयुषी पुत्री प्रदीप निवासी किंग्स पार्क सोसाइटी दिल्ली बताया जा रहा है।

## चोरी की एक्टिवा के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। चोरी की एक्टिवा के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश पुलिस को वनखण्डी से एक एक्टिवा चोरी किये जाने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच कीं। जिसके बाद आज पुलिस ने आशुतोष नगर तिराहे पर एक एक्टिवा सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। गाडी के कागजात मांगने पर कागजात नहीं दिखा सका। सख्ती से पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह एक्टिवा वनखण्डी क्षेत्र से चोरी की है।

पूछताछ में उसने अपना नाम अमित पुत्र महिपाल निवासी वनखण्डी बताया। उसने बताया कि वह नशे का आदि है तथा अपने नशे के लिए उसने स्कूटी चोरी की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वनकर्मियों पर हमले के आरोपी गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। उत्तराखण्ड में खनन माफियाओं के हौसले कितने बुलन्द हो चुके है इसकी बानगी बीते रोज खटीमा क्षेत्र में सामने आयी है। यहां वनकर्मियों द्वारा जब खनन माफिया को अवैध खनन करने से रोका गया तो उसने अपने साथियों सहित वनकर्मियों पर हमला बोल कर वन दारोगा की वर्दी फाड़ दी गयी। हालांकि वनकर्मियों द्वारा खनन माफिया को गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप दिया गया है, लेकिन उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बीते रोज वन क्षेत्राधिकारी खटीमा द्वारा वन दारोगा सन्तोष सिंह भण्डारी व वन बीट उत्तम सिंह राणा पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बानूसी थाना खटीमा जनपद ऊधम सिंह नगर को सूचना दी गयी कि आरक्षित वन क्षेत्र लोहियाहेड़ बीट झनकईया में अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए वनकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होने देखा कि कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली से अवैध खनन किया जा रहा है। इस पर वनकर्मियों द्वारा जब उन्हे पकड़ने के लिए घेराबंदी की गयी तो मौके पर मान सिंह धामी उर्फ मन्नू धामी पुत्र तेज सिंह धामी निवासी चौड़ापानी सूखापुल नगरा तराई व उसके साथियों ने वन कर्मचारियों पर हमला बोल दिया व गाली गलौच करते हुए वन दरोगा की वर्दी फाड़ कर जान से मारने की धमकी दी गयी। हालांकि वनकर्मियों द्वारा मौके पर ही मान सिंह धामी उर्फ मन्नू धामी को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन उसके अन्य साथी फरार होने में सफल रहे। वनकर्मियों द्वारा खनन माफिया मान सिंह धामी को मय ट्रैक्टर ट्राली सहित स्थानीय थाने में लाया गया। जहां पर उसके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सामना करना पड़ता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सड़क पर वाहन पार्किंग रोकने को कहा।

परिवहन मंत्री ने कर्मचारियों की ड्यूटी रजिस्टर की जांच की। परिवहन मंत्री चंदन राम दास का कहना है कि घाटे में चल रहे परिवहन विभाग की आर्थिक सेहत सुधारने के प्रयास किए जाएंगे। खामियों को सुधारा जाएगा जिससे परिवहन विभाग की आय में वृद्धि हो सके उन्होंने कहा कि उन्हें एक चुनौती पूर्ण जिम्मेवारी दी गई है जिसमें सफल होने की उनकी कोशिश जारी रहेगी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*

**कांति कुमार**

*संपादक*

**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*

**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**

**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**

**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**

**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*